डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

साहित्य अकादेमी
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

प्रेस विज्ञप्ति

साहित्य अकादेमी द्वारा नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला 2019 में 'आदिवासी लेखक सम्मिलन' संपन्न

भिलोरी, बंजारा एवं गोरबोली भाषी रचनाकारों ने प्रस्तुत कीं अपनी रचनाएँ

नई दिल्ली, 8 जनवरी 2019। साहित्य अकादेमी द्वारा आज नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेले में सायं 5.00 बजे, हाल सं. 12 के लेखक मंच पर 'आदिवासी लेखक सम्मिलन' का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रख्यात साहित्यकार हरिराम मीणा ने की। उन्होंने कार्यक्रम के प्रारंभ में आदिवासी समाज और साहित्य की विशिष्टता तथा उसकी मूलभूत प्रवृत्तियों पर प्रकाश डाला।

रचना–पाठ के क्रम में सर्वप्रथम बंजारा समुदाय के प्रख्यात कहानीकार शांता नाइक ने अपनी कहानी का पाठ किया, जिसमें उन्होंने आदिवासी जनजीवन की कई समस्याओं की ओर बहुत मार्मिक तरीके से इशारा किया। उन्होंने अपनी कहानी के माध्यम से यह भी कहा कि किसी भी संघर्ष की सफलता के लिए व्यक्ति का शिक्षित होना बहुत आवश्यक है।

गोरबोली भाषी वी. रामकोटी ने अपनी कहानी 'पीपली दादी' का पाठ किया जो कि बंजारा समुदाय की मुश्किलों पर आधारित थी। कहानी का मुख्य उद्देश्य आदिवासी समाज में लड़के को वंश चलाने वाला मानकर इसके लिए ओझा, फकीर से लेकर किए जाने वाले विभिन्न अंधविश्वासों पर तीक्ष्ण कटाक्ष करना था।

विश्राम वलवी जो कि भील समुदाय से थे, ने भिलोरी भाषा की अपनी कहानी प्रस्तुत की जो कि उनके समुदाय में बच्चों के कुपोषण की भीषणता को चित्रित करती थी।

कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष हरिराम मीणा ने अपनी कविता जो कि बिरसा मुंडा की शहादत पर आधारित थी, का पाठ किया। इससे पहले उन्होंने तीनों रचनाकारों की कहानी पर टिप्पणी करते हुए कहा कि इन कहानियों से आदिवासी समाज की मौजूदा दशा को भलीभाँति समझा जा सकता है। उन्होंने कहा कि आदिवासी जल–जंगल–जमीन की सुरक्षा एक ट्रस्टी की हैसियत से करता आ रहा है। उसने कभी इन संसाधनों का दोहन नहीं किया।

कार्यक्रम का संचालन साहित्य अकादेमी के संपादक अनुपम तिवारी ने किया और सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

9 जनवरी 2019 को अपराह्न 2.00 बजे 'बाल साहिती' कार्यक्रम बाल मंडल में आयोजित होगा तथा सायं 5.30 बजे ऑथर्स कॉर्नर, हाल संख्या 11 में 'पूर्वोत्तरी' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

के. श्रीनिवासराव

रवीन्द्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110 001, दूरभाष : +91-11-2338 7064, 2307 3002, फैक्स : +91-11-2338 2428
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001, Phone : +91-11-2338 7064, 2307 3002, Fax : +91-11-2338 2428
E-Mail : secretary@sahitya-akademi.gov.in, Website : http//www.sahitya-akademi.gov.in

CORNER
Pragati Maidan, New Delhi
Organised by
nbt.india
NEW DELHI
5-13
JANUARY
2019
WORLD
BOOK FAIR
PRAGATI MAIDAN, NEW DELHI

AUTHOR'S
CORNER
Pragati Maidan, New Delhi
भारत
of India
5-13
JANUARY
2019

AUTHOR'S
CORNER
Pragati Maidan, New Delhi
Organised by
nbt.india
एकः सूते सकलम्
राष्ट्रीय पुस्तक न्यास,
मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत
NATIONAL BOOK
Ministry of Human Resource
NEW DELHI
WORLD BOOK FAIR
5-13 JANUARY 2019
PRAGATI MAIDAN, NEW DELHI


AUTHOR'S
CORNER
Pragati Maidan, New Delhi
Organised by
nbt.india
एकः सूते सकलम्
NEW DELHI
5-13
JANUARY
2019
WORLD
BOOK FAIR
PRAGATI MAIDAN, NEW DELHI